**NEWS CLIPPING: 18.06.2021**

**PUNJAB KESARI**

# नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन



*तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

**जेसी बोस वि.वि प्रशासनिक प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए अपनाएगा ई-समाधान: प्रो दिनेश कुमार**

फरीदाबाद, 17 जून (ब्यूरो): प्रशासनिक प्रणाली में दक्षता और पारदर्शिता लाने के लिए, जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद प्रशासनिक प्रक्रिया को प्रभावी बनाने तथा कागजी कामकाम को कम करने के लिए ई-ऑफिस लागू करेगा। इसके अलावा, कर्मचारियों की कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने आज गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए दी। भण्डारण एवं क्रय अनुभाग द्वारा संचालित यह कार्यक्रम कर्मचारियों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल की कार्यप्रणाली तथा खरीदी गई वस्तुओं की सूची प्रबंधन प्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन उप कुलसचिव (भंडार एवं क्रय) मनीष गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की जल्द ही ई-ऑफिस को लागू करने की योजना है जो एक डिजिटल कार्यस्थल समाधान है। विश्वविद्यालय अकादमिक और प्रशासनिक कामकाज के प्रभावी कामकाज के लिए ई-समाधान अपनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय में उपलब्ध स्टॉक और विभिन्न वस्तुओं के सूचीकरण के लिए एक ऑनलाइन सूची प्रबंधन प्रणाली शुरू की जाएगी।

**NEWS CLIPPING: 18.06.2021**

**THE PIONEER**

# जेसी बोस प्रशासनिक प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए अपनाएगा ई-समाधान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**प्रशासनिक** प्रणाली में दक्षता और पारदर्शिता लाने के लिए, जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद प्रशासनिक प्रक्रिया को प्रभावी बनाने और कागजी कामकाम को कम करने के लिए ई-ऑफिस लागू करेगा। इसके अलावा, कर्मचारियों की कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

यह जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने आज गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए आयोजित तीन



दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए दी। भण्डारण एवं क्रय अनुभाग द्वारा संचालित यह कार्यक्रम कर्मचारियों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल की कार्यप्रणाली और खरीदी गई वस्तुओं की सूची प्रबंधन प्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन उप कुलसचिव (भंडार एवं क्रय) मनीष गुप्ता द्वारा किया जा रहा है।

प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की जल्द ही ई-ऑफिस को लागू करने की योजना है जो एक डिजिटल कार्यस्थल समाधान है। विश्वविद्यालय अकादमिक और प्रशासनिक कामकाज के प्रभावी कामकाज के लिए ई-समाधान अपनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय में उपलब्ध स्टॉक और विभिन्न वस्तुओं के सूचीकरण के लिए एक ऑनलाइन सूची प्रबंधन प्रणाली शुरू की जाएगी।

**NEWS CLIPPING: 18.06.2021**

**AMAR UJALA**

# नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) प्रशासनिक प्रणाली में दक्षता और पारदर्शिता लाने के लिए तथा कागजी कामकाज को कम करने के लिए ई-ऑफिस सिस्टम लागू करेगा। इसके अलावा, कर्मचारियों की कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

यह जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए दी। भंडारण एवं क्रय अनुभाग द्वारा संचालित यह कार्यक्रम कर्मचारियों को सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जीईएम) पोर्टल की कार्यप्रणाली और खरीदी गई वस्तुओं की सूची प्रबंधन प्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी मौजूद थे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 18.06.2021**

**HINDUSTAN**

# ई-ऑफिस से सही होगा काम

**फरीदाबाद।** जेसी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रशासनिक सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए ई-समाधान को अपनाया जाएगा। इससे कामकाज में पारदर्शिता आएगी और ई-ऑफिस व्यवस्था लागू हो सकेगी।

इसमें कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गुरुवार को इसके लिए विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू किया गया। इस सत्र का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया।